दक्षता आधारित कार्य-पत्रक

विषय: हिन्दी — कक्षा : आठवीं

पाठ/प्रकरण का नाम :	**यह सबसे कठिन समय नहीं**	**समयावधि :**	40 मिनट
विद्यार्थी का नाम :	-------------------------------------	**पूर्णांक :**	20
अनुक्रमांक (रोल नं.) :	....	**दिनांक :**	........./....../........

निर्देश:- 1. सभी प्रश्न अनिवार्य है| 2. कार्य-पत्रक में दिए गए स्थान पर ही उत्तर लिखें|
3. लेखन कार्य की स्पष्टता एवं शुद्धता का विशेष ध्यान रखें|

(बहुविकल्पीय प्रश्न)

1. **कथन** (A) **और कारण** (R) **को पढ़कर उपयुक्त विकल्प चुनिए-**

कथन (A) 'नहीं, यह सबसे कठिन समय नहीं' | 1

कारण (R) आज भी लोगों को सहारा देने के लिए हाथ आगे आते हैं |

(क) कथन (A) गलत है किंतु कारण (R) सही है |
(ख) कथन(A) और कारण (R) दोनों ही गलत है |
(ग) कथन (A) ही सही व्याख्या है किंतु कारण (R) सही व्याख्या नहीं है |
(घ) कथन (A) सही है और कारण (R) ही सही व्याख्या है |

2. **चिड़िया चोंच में तिनका दबाए उड़ने की तैयारी में क्यों है ? सही विकल्प का चयन कीजिए -**

(i) वह घोंसले का निर्माण करना चाहती है |
(ii) वह तिनके से खेलना चाहती है | 1
(iii) उसे घोंसला बनाने का पूरा विश्वास है |
(iv) वह तिनके जमा करना चाहती है |

(क) कथन (i) सही है
(ख) कथन (i) व (iii) सही है
(ग) कथन (i) व (iv) सही है
(घ) कथन (ii) व (iv) सही है

3. **प्रतीक्षा करने वाले की क्या चाहत होती है ? कविता के आधार पर सही विकल्प चुनिए -** 1

(क) सूरज ढलने के पहले सभी घर आ जाएँ |
(ख) सुबह होने से पहले सब घर आ जाएँ |
(ग) रात होने तक सभी घर आ जाएँ |
(घ) दोपहर से पहले सभी घर आ जाएँ |

Egyanarchive.org

4. कौन-सा कथन जीवन के प्रति आशावादी बनने का सन्देश देता है ? 1

(i) चिड़िया चोंच में तिनका दबाए उड़ने को तैयार है क्योंकि वह नीड़ का निर्माण करना चाहती है|

(ii) रेलगाड़ियाँ निरंतर अपने मार्ग पर चलकर यात्रियों को उनकी मंज़िल तक पहुँचाती हैं|

(iii) अभी भी बस लेकर कोई अंतरिक्ष की सैर करने जाता है |

(iv) अभी भी पत्तियाँ झरकर नीचे गिर रही हैं |

(क) कथन (i) और (ii)

(ख) कथन (ii) और (iii)

(ग) कथन (iii) और (iv)

(घ) कथन (i) , (ii) और (iv)

5. कहानी का आख़िरी हिस्सा सभी क्यों सुनना चाहते है ? 1

(क) उसमें नई बातें बताई गयी हैं |

(ख) उसमें कहानी का शीर्षक है |

(ग) उसमें कहानी का सन्देश होता है |

(घ) आख़िरी हिस्सा सभी के लिए सुनना ज़रूरी होता है |

(भाषा की बात आधारित बहुविकल्पीय प्रश्न)

6. कौन-सा विकल्प चिड़िया का उपयुक्त पर्यायवाची है ? 1

(क) खग, विहग, नभचर, द्विज

(ख) जलचर, अंडज, खेचर, पक्षी

(ग) पखेरू, पंख, द्रुम, पंछी

(घ) जलचर, सहचर, वनचर, पक्षी

7. 'कवि' का स्त्रीलिंग रूप क्या होगा ? 1

(क) कवित्री (ख) कवियत्री (ग) कवयित्री (घ) कवियित्री

8. 'स्टेशन, वक्त, ख़बर, तमाम' ये किस तरह के शब्द हैं ? 1

(क) तत्सम (ख) तद्भव (ग) विदेशी (घ) देशज

(वर्णनात्मक प्रश्न)

9. 'यह सबसे कठिन समय नहीं' बताने के लिए कविता में कई तर्क प्रस्तुत किए गए हैं | आपकी दृष्टि में सबसे कठिन समय कौन-सा होगा ? 2

उत्तर:- ---

----

10. अपनों को सदैव हमारे घर आने का इंतज़ार क्यों रहता है ? 2

उत्तर:- ---

----

11. आचार्य हजारी प्रसाद द्वारा रचित निबंध 'क्या निराश हुआ जाए' तथा 'यह सबसे कठिन समय नहीं' कविता में क्या समानता है ? लिखिए | 2

उत्तर:- ---

----

12. 'यह सबसे कठिन समय नहीं' कविता हमें क्या सन्देश देती है ? 2

उत्तर:- ---

(रचनात्मक/सृजनात्मक प्रश्न)

13. कोई ऐसी कहानी लिखिए, जिसमें लम्बे संघर्ष के बाद सुखद अंत हुआ हो | 4

उत्तर:- ---

----

egyanarchive

उत्तरमाला

प्रश्न	दक्षता/उद्देश्य	उत्तर	
		(बहुविकल्पीय प्रश्न)	
1.		**उत्तर:- (घ) कथन (A) सही है और कारण (R) ही सही व्याख्या है।**	1
2.		**उत्तर:- (ख) कथन (i) व (iii) सही है**	1
3.		**उत्तर:- (क) सूरज ढलने के पहले सभी घर आ जाएँ।**	1
4.		**उत्तर:- (क) कथन (i) और (ii)**	1
5.		**उत्तर:- (ग) उसमें कहानी का सन्देश होता है।**	1
		(भाषा की बात आधारित बहुविकल्पीय प्रश्न)	
6.		**उत्तर:- (क) खग, विहग, नभचर, द्विज**	1
7.		**उत्तर:- (ग) कवयित्री**	1
8.		**उत्तर:- (ग) विदेशी**	1
		(वर्णनात्मक प्रश्न)	
9.		**उत्तर:-** चिड़िया का चोंच में तिनका दबाकर उड़ना, पेड़ से गिरती हुई पत्ती को थामना, रेलगाड़ी से अपनी मंजिल तक पहुँचने की आशा रखना, अपनों की प्रतीक्षा करना, दादी-नानी की कहानियों का सुखद अंत इत्यादि अनेक तर्क प्रस्तुत किए गए हैं। मेरी राय में अपनों की प्रतीक्षा करना सबसे कठिन रहा होगा क्योंकि प्रतीक्षा की घड़ियाँ बहुत लम्बी होती हैं और बुरे की आशंका उसे और मुश्किल बना देती है ? / या कोइ अन्य।	2
10.		**उत्तर:-** हम परिवार में एक-दूसरे से प्रेम के आधार पर ही बंधे होते हैं। हमें उनकी सुरक्षा की चिंता होती है। हम चाहते हैं कि सूरज ढलने से पूर्व सभी घर आ जाएँ। उनके समय पर घर न लौटने पर हमारा मन आशंकाओं से घिर जाता है।	2
11.		**उत्तर:-** दोनों रचनाएँ जीवन के प्रति आशावादी बनाती हैं तथा सकारात्मक सोच का विकास करती हैं। संसार में ऐसी अनेक घटनाएँ घटित होती हैं, जो हमें विश्वास दिलाती हैं कि निराश होने की आवश्यकता नहीं है, दुनिया में अभी भी बहुत अच्छाइयाँ हैं।	2
12.		**उत्तर:-** यह कविता हमें जीवन में आगे बढ़ने का सन्देश देती है। जाया जादवानी का मानना है कि हमें अपना लक्ष्य साधना चाहिए। समय तो सदा अच्छा ही होता है। आगे बढ़ने के लिए विशेष समय का इंतज़ार करना उचित नहीं है।	2
		(रचनात्मक/सृजनात्मक प्रश्न)	
13.		**उत्तर:-** अध्यापक स्व विवेक से जाँच करें।	4